Social Justice Union — Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 26 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 30

# पारा दीप में भी दिखा चक्रवाती तूफान दाना का असर, सैकड़ों पेड़ उखड़े, सड़कें हुई बंद

नईदिल्ली | आरएनएस

चक्रवाती तूफान दाना के धमरा पोर्ट के पास टकराने की खबर है. इस तूफान ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल के की इलाकों मं तबाही मचा दी है. इसके बाद यहां लैंडफॉल हो रहा है. ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है. मौसम विभाग की मानें तो बारिश का ये दो आज शाम तक जारी रह सकता है.

चक्रवात के चलते पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने आज भी बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द कर दिया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि शुक्रवार तडक़े तट से टकराने के दौरान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली जो अभी भी जारी है. इस दौरान कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए और भारी तबाही देखने को मिली.

बता दें कि चक्रवाती तूफान दाना शुक्रवार तडक़े करीब 12.10 बजे ओडिशा तट के पास पहुंच गया. जैसे ही ये तट से टकराया ओडिशा में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश शुरू हो गई. इसका असर पश्चिम बंगाल में भी देखने को मिला. इस दौरान 100 से 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली, जिसका दौर अभी भी जारी है. चक्रवात दाना के असर से ओडिशा और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों के अलग-अलग इलाकों में लैंडफॉल हो रहा है. इस तूफान ने सबसे ज्यादा तबाही ओडिशा में मचाई, जहां सैकड़ों की संख्या में पेड़ उखड़ गए.

मौसम विभाग ने आज ओडिशा के कम से कम सात जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. जहां तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है. इन जिलों में भद्रक, कटक, बालासोर, मयूरभंज, जाजपुर, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा शामिल हैं. इसके साथ ही शुक्रवार को राज्य के कई इलाकों में दिन भर भारी बारिश का दौर जारी रहेगा. जिसके चलते खुर्दा, पुरी, ढेंकनाल और नयागढ़ समेत पांच जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.



बंगाल की खाड़ी से उठे इस चक्रवाती तूफान को दाना नाम सऊदी अबर ने दिया है. जिसका हिंदी में मतलब उतारता होता है. बता दें कि जिस तूफान की रफ्तार 62 किमी प्रति घंटे से अधिक हो उसे नाम देना जरूरी माना जाता है. जबकि हवा की रफ्तार 137 किमी प्रति घंटे हो जाएं तो उसे चक्रवाती तूफान कहा जाता है. ऐसे में चक्रवाती तूफान को भी नाम दिया जाता है.

चक्रवाती तूफान दाना ने ओडिशा में जमकर तबाही मचाई. तबाही के ये निशाना ओडिशा के तटीय इलाकों में देखे जा सकते हैं, पारा दीप में भी इसका असर देखने को मिला, यहां सैकड़ों पेड़ गिर गए. जिससे सडक़ें बंद हो गई. जिन्हें साफ करने का काम शुरू हो गया है. एनडीआरएफ की टीमें सडक़ों पर पड़े पेड़ों को हटाने का काम कर रही हैं.

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान दाना ने सबसे ज्यादा ओडिशा में तबाही मचाई. पश्चिम बंगाल में भी इसका असर देखने को मिला, लेकिन यहां अब हालात धीरे-धीरे ठीक होने लगे हैं. इस बीच रेलवे की ओर से बताया गया है कि रद्द की गई ट्रेनों के अलावा अन्य ट्रेनें तय समय के अनुसार चलेंगी. दक्षिण (विशाखापत्तनम की ओर) से भुवनेश्वर और हावड़ा की ओर आने वाली डाउन ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है. वहीं खडग़पुर की ओर से विशाखापत्तनम की ओर जाने वाली अप ट्रेनों को लगभग दोपहर दो बजे से भद्रक स्टेशन पहुंचेंगी. पहली निर्धारित ट्रेन 12245 हावड़ा-बैंगलोर दुरंतो एक्सप्रेस है. अधिसूचित रद्द ट्रेनों को छोडक़र, भुवनेश्वर और पुरी से चलने वाली ट्रेनें आज दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएंगी.

## ओडिशा में 400 उड़ानें और 750 से अधिक ट्रेनें रद; 6 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित

चक्रवाती तूफान दाना ओडिशा के तट से टकरा गया है। तूफान की वजह से ओडिशा में कई स्थानों पर भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवात 'दाना' के पहुंचने की प्रक्रिया 24 और 25 अक्टूबर की मध्य रात्रि में शुरू हुई है। ओडिशा में 385 बचाव दलों को तैनात किया गया है। अभी तक तीन लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। 7000 से अधिक शिविर स्थापित किए गए हैं। 2,300 से अधिक गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। चक्रवाती तूफान दाना की वजह से 750 से अधिक ट्रेनें और 400 फ्लाइट को रद किया गया है। बंगाल में 550 और ओडिशा में 203 ट्रेनों को रद किया गया है। भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर गुरुवार को 40 उड़ानों को रद किया गया।भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमान की आवाजाही रोक दी गई है। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी संचालन गुरुवार शाम छह बजे से शुक्रवार सुबह नौ बजे तक बंद किया गया। वहीं, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, कोलकाता, हावड़ा, हुगली, पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा और झारग्राम में सभी स्कूल 26 अक्टूबर तक बंद रहेंगे।

## चक्रवाती तूफान दाना ने दिखाया रौद्र रूप, जड़ों से उखड़े पेड़, सड़कें बाधित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के पूर्वी इलाके में चक्रवाती तूफान दाना का लैंडफॉल जारी है। गुरुवार रात 12:45 बजे ओडिशा के भद्रक जिले के धामरा और हबलीखाटी नेचर कैंप के बीच में लैंडफॉल हुआ। लैंडफॉल के दौरान इसकी रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा थी। ओडिशा, बंगाल में इस वक्त 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कई इलाको में बारिश जारी है। दाना तूफान के टकराने के बाद ओडिशा के कई इलाको में पेड़ उखड़ गए हैं जिसकी वजह से रास्ते बंद हो गए हैं। वहीं, तेज हवाओं से होल्डिंग टूट गए हैं, पेट्रोल पंप टूट गए और दुकानों के टीन शेड उड़ गए। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि लैंडफॉल पूरा होने के बाद तटीय इलाकों में और तेज बारिश हो सकती है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तूफान दाना से निपटने के लिए सभी सुरक्षा उपाय किए गए हैं। हृष्ठक्रस्न, स्ष्ठक्रस्न, जिला प्रशासन की टीमें तूफान प्रभावित इलाको में तैनात हैं। एहतियात के लिए ओडिशा के 14 जिलों के 10 लाख लोगों को शिफ्ट किया गया है। वहीं, पश्चिम बंगाल में 3.5 लाख लोगों को सुरक्षित जगह भेजा गया है। तूफान की वजह से बंगाल और ओडिशा में 300 फ्लाइट्स और 552 ट्रेनें रद्द की गई हैं। पड़ोसी राज्य ओडिशा के तट पर चक्रवाती तूफान 'दाना' के पहुंचने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद हालात सामान्य होते देख शुक्रवार सुबह 8 बजे से पश्चिम बंगाल के कोलकाता हवाई अड्डे पर परिचालन बहाल कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओडिशा में एनडीआरएफ की 20 टीमें काम कर रही हैं। चक्रवात के कारण पेड़ गिरने से धामरा से गोवा तक का रास्ता बंद हो गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सेल्फी लेने के दौरान जंगली हाथी ने दौड़ाया, युवक को कुचलकर मारा

**गढ़चिरौली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में जंगली हाथी की सेल्फी लेने के चक्कर में एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक युवक की पहचान 23 वर्षीय श्रीकांत सात्रे के रूप में हुई है।घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है, जब श्रीकांत अपने 2 दोस्तों के साथ गढ़चिरौली के आबापुर जंगल में हाथियों को देखने पहुंचे थे।यहां सेल्फी लेने के दौरान एक हाथी ने उनको दौड़ा लिया और श्रीकांत को घेरकर मार दिया। श्रीकांत जिले में केबल बिछाने के काम के लिए नवेगांव से आए थे। मंगलवार को चटगांव और गढ़चिरौली वन क्षेत्र से जंगली हाथी निकल गया।बताया गया कि हाथी मुटनूर वन क्षेत्र के अबापुर जंगल में घूम रहा है। तभी श्रीकांत और उनके 2 दोस्तों ने हाथी को देखने की योचना बनाई।तीनों जंगल में थे, तभी हाथी की सेल्फी लेने के दौरान जानवर ने उनको दौड़ा लिया। दोनों दोस्त जान बचाकर भागने में सफल रहे, लेकिन श्रीकांत फंस गए।

### देशभर में लारेंस बिश्नोई गैंग पर शिकंजा, 7 शूटर्स गिरफ्तार- बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के कनेक्शन की जांच

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ देशभर में कार्रवाई की खबर सामने आई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स गिरफ्तार किए हैं। इन शूटर्स की गिरफ्तारी पंजाब और अन्य राज्यों से की गई है। आरोपियों से हथियार भी बरामद हुए हैं। इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने भी शिकंजा कसा। जिन सात शूटरों को गिरफ्तार किया गया है उनसे बाबा सिद्दीकी के केस में पूछताछ की जा सकती है। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल देशभर में एक्टिव हो चुकी है और लगातार लॉरेंस बिश्नोई के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। स्पेशल सेल ने जिन सात शूटरों को गिरफ्तार किया गया है फिलहाल उनसे शुरुआती पूछताछ की जा रही है।

### भारत-चीन की सेनाएं एलएसी से पीछे हटना शुरू हुईं, दोनों पक्षों ने 5-5 तंबू भी हटाए

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते कई सालों से चल रहा विवाद खत्म होता नजर आ रहा है।दोनों देशों की सेनाओं के बीच गतिरोध को खत्म करने के लिए हुए समझौते के बाद सीमा पर इसका असर दिखाई देने लगा है।भारत और चीन ने एलएसी पर कुछ बिंदुओं से सेना को पीछे हटाया है। तंबू और अस्थायी निर्माणों को भी तोड़ा गया है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि डेमचोक क्षेत्र में दोनों देशों ने 5-5 तंबू और देपसांग में आधे अस्थायी ढांचे हटा दिए हैं।भारतीय सैनिक चारडिंग नाला के पश्चिमी हिस्से की ओर वापस जा रहे हैं, जबकि चीनी सैनिक पूर्वी हिस्से की ओर पीछे हट रहे हैं।अभी भी दोनों तरफ करीब 10 से 12 अस्थायी ढांचे और करीब 12 तंबू हैं, जिन्हें हटाने की तैयारी हो रही है।

## तिरुपति में कई होटलों को मिली बम की धमकी, ईमेल में ड्रग माफिया जाफर सादिक का जिक्र; मचा हड़कंप

तिरुपति | आरएनएस



फ्लाइट्स और स्कूल-कॉलेजों के बाद अब होटलों को बम की धमकी मिली है। तिरुपति के कई होटलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। इन ईमेल में कथित ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना जाफर सादिक के नाम का जिक्र है, जिसे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ईडी ने गिरफ्तार किया था। धमकियों के जवाब में, पुलिसकर्मियों गहन तलाशी ली, जिससे यह पता चला की यह धमकी एक अफवाह थी। पुलिस अब इन धमकियों के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। तिरुपति में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन करने आते हैं इसलिए यहां का होटल बिजनेस काफी अच्छा है।

तिरुपति के लीलामहल, कपिलतीर्थम और अलीपिरी के पास तीन निजी होटलों को ईमेल के जरिए धमकियां मिली थीं। ईमेल में कथित तौर पर ड्रग माफिया जाफर सादिक का भी नाम लिया गया है। बता दें एक दिन पहले ही 85 विमानों को उड़ाने की धमकी मिली थी। इनमें एअर इंडिया के 20 विमान शामिल थे। जिन विमानों को धमकी मिली थी, उनमें 20 इंडिगो, 20 विस्तारा और 25 अकासा की उड़ानें शामिल थीं।

दिल्ली पुलिस की साइबर सेल की विभिन्न टीमें उड़ानों पर जारी खतरों को लेकर एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। एक हफ्ते से भी कम समय में 170 से अधिक उड़ानों को बम की धमकी मिली है। इस बीच, सरकार एयरलाइनों को बम की धमकियों से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है।

## एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

### सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली | आरएनएस



बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सीबीआई की तरफ से जारी लुक आउट सर्कुलर अब रद्द ही रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट फैसला बरकरार रखा है। कोर्ट ने रिया के भाई और उनके पिता को भी राहत दी है। रिया चक्रवर्ती और उनके भाई और पिता के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी लुक आउट सर्कुलर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है।

जानकारी के अनुसार, फरवरी में बॉम्बे हाईकोर्ट ने रिया चक्रवर्ती और उनके भाई व पिता की याचिका पर सीबीआई का लुक आउट सर्कुलर रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट के आदेश को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। आज सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपील खारिज कर दी। इससे रिया और उनके परिवार को बड़ी राहत मिली।

अगस्त 2020 में रिया, उनके भाई, उनके पिता और उनकी मां के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किए गए थे। सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने उनकी मौत की जांच की मांग करते हुए बिहार के पटना में एक केस दर्ज कराया था। यह मामला बाद में सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। सीबीआई ने फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में रिया चक्रवर्ती और परिजनों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था। इस पर रिया का परिवार हाई कोर्ट पहुंच गया था। रिया की याचिका पर हाई कोर्ट ने लुक आउट सर्कुलर को कैंसिल कर दिया था।

34 वर्षीय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को 14 जून 2020 को उनके बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में फांसी पर लटका हुआ पाया गया था। इसके बाद उनके पिता पटना निवासी कृष्ण किशोर सिंह की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस और बिहार पुलिस दोनों ने जांच शुरू कर दी थी।

सुशांत ने टेलीविजन में अपना करियर किस देश में है मेरा दिल जैसे शो से शुरू किया और एकता कपूर के पवित्र रिश्ता में अपनी भूमिका से प्रसिद्धि हासिल की। बाद में उन्होंने फिल्म की ओर रुख किया और एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी, छिछोरे और दिल बेचारा जैसी हिट फिल्मों में अभिनय किया। सुशांत की आखिरी फिल्म दिल बेचारा थी।

## अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने कैबिनेट ने 1,000 करोड़ के वीसी फंड को दी मंजूरी

नई दिल्ली | आरएनएस

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड (वीसी फंड) की स्थापना को मंजूरी दी है। सरकार के इस कदम से निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

यह कोष भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के तहत काम करेगा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के साथ मिलकर इसका संचालन किया जाएगा।

आईएन-स्पेस के तहत प्रस्तावित वीसी फंड का डेप्लॉयमेंट पीरियड, फंड ऑपरेशन की शुरुआत की तारीख से अगले पांच वर्ष तक रहेगा। प्रस्तावित फंड के साथ अंतरिक्ष सप्लाई चेन में स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने के साथ भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में रोजगार के सृजन की उम्मीद है।

कैबिनेट ने कहा कि निवेश के अवसरों और फंड की आवश्यकताओं के आधार पर एवरेज डेप्लॉयमेंट अमाउंट प्रति वर्ष 150-250 करोड़ रुपये हो सकता है। सरकार के अनुसार, किसी कंपनी की स्थिति, उसकी विकास की क्षमताओं और राष्ट्रीय अंतरिक्ष क्षमताओं पर उसके प्रभाव के आधार पर फंड की राशि तय की जाएगी।

कंपनियों के लिए यह राशि 10 करोड़ से 60 करोड़ रुपये तक रहेगी। सरकार की ओर से इक्विटी निवेश सीमा विकास चरण के लिए 10-30 करोड़ रुपये और विकास के अंतिम चरण के लिए 30 करोड़ रुपये-60 करोड़ रुपये रहेगी।

मंत्रिमंडल ने कहा, बताई गई निवेश सीमा के आधार पर, इस फंड से लगभग 40 स्टार्टअप्स को सहायता मिलने की उम्मीद है। 2020 के अंतरिक्ष क्षेत्र सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार ने अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और उसकी देखरेख करने के लिए आईएन-स्पेस की स्थापना की थी।

आईएन-स्पेस ने अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वीसी फंड का प्रस्ताव रखा, जिसका वर्तमान मूल्य 8.4 अरब डॉलर है और इसका लक्ष्य 2033 तक 44 अरब डॉलर तक पहुंचना है।

कैबिनेट नोट के अनुसार, वैल्यू चेन के तहत लगभग 250 अंतरिक्ष स्टार्टअप उभर रहे हैं, इसलिए उनके व?किास और प्रतिभाओं को व?दिश जाने से रोकने के लिए समय पर उनकी वित्तीय सहायता सुनिश्चित करना जरूरी है।

सरकार समर्थित प्रस्तावित फंड निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा, निजी पूंजी को आकर्षित करेगा और अंतरिक्ष सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाने में महत्वपूर्ण होगा।

यह फंड पूंजी निवेश के माध्यम से इनोवेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, भारत में कंपनियों को बनाए रखने, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विकास में तेजी लाने, वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और एक अनुकूल इनोवेशन इकोसिस्टम बनाने के लिए बनाया गया है।

मंत्रिमंडल ने कहा कि पूंजी निवेश से बाद के चरण के विकास के लिए अतिरिक्त निधि आकर्षित कर गुणक प्रभाव पैदा होगा, जिससे निजी निवेशकों में विश्वास पैदा होगा।

मंत्रिमंडल ने कहा कि पूंजी निवेश अतिरिक्त फंडिंग को लाने में महत्वपूर्ण होगा। इसी के साथ निजी निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।

## कोर्ट ने एक साथ 101 लोगों को सुना दी उम्रकैद की सजा

### 10 साल पहले दलित बस्ती में लगाई थी आग

कोप्पल (कर्नाटक ) | आरएनएस

कोप्पल जिले की एक अदालत ने दलित समुदाय की बस्ती में आग लगाने के मामले में 101 लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों को हाल ही में दोषी ठहराया गया था और गुरुवार को अदालत ने सजा सुनाई। राज्य के इतिहास में यह पहला मामला है जब किसी अत्याचार के मामले में इतनी बड़ी संख्या में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

सभी आरोपियों के परिवार के सदस्य कोप्पल अदालत परिसर में एकत्र हुए थे और पुलिस द्वारा उन्हें जेल ले जाते समय उनकी आंखों में आंसू थे। आरोपियों को कोप्पल जिला जेल ले जाया जाएगा और बाद में उन्हें बल्लारी जेल स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

जाति आधारित हिंसा से जुड़ा यह मामला 28 अगस्त 2014 को गंगावती तालुका के मारकुंबी गांव का है। आरोपियों ने दलित समुदाय के लोगों के घरों में आग लगा दी थी। दलितों को नाई की दुकान और ढाबों में प्रवेश से मना करने को लेकर झड़प शुरू हुई थी। गांव में छुआछूत पर सवाल उठाने वाले कुछ दलित युवकों की सक्रियता से नाराज होकर आरोपियों ने दलितों की बस्ती में घुसकर उनकी झोपडिय़ों में आग लगा दी थी। आरोपियों ने घरों को भी नष्ट कर दिया और दलितों पर हमला किया।

इस घटना के बाद राज्य के कई हिस्सों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इस मामले में 117 लोगों को आरोपी बनाया गया था जिनमें से 16 की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

## मध्य प्रदेश : पति को बांधकर नव-विवाहिता से दरिंदों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

भोपाल | आरएनएस

मध्य प्रदेश में दिल को दहला देने वाली एक घटना प्रकाश में आई है। रीवा में आयोजित पांचवें इन्वेस्टर समिट से दो दिन पहले सोमवार को जिला मुख्यालय से महज 25 किलोमीटर दूर गुड थाना क्षेत्र स्थित भैरव बाबा पर्यटक स्थल पर एक नव विवाहिता के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

रीवा के एसपी विवेक सिंह के मुताबिक, कॉलेज में पढऩे वाला एक विवाहित जोड़ा सोमवार को पिकनिक मनाने भैरव बाबा पर्यटक स्थल गया था, जहां पहले से ही मौजूद कुछ दरिंदों ने युवक को पेड़ में बांधकर उसकी पत्नी से बारी-बारी दुष्कर्म किया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, इतना ही नहीं, दरिंदों ने नव-विवाहित जोड़े को घटना की शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की भी धमकी दे दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद जब नव विवाहित जोड़ा थाने पहुंचा, तो थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने मामले को दबाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन, शिकायतकर्ताओं की जिद के चलते पुलिस कर्मियों के मंसूबे सफल नहीं हो पाए और मंगलवार को विभिन्न धाराओं के तहत पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली।

फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि इस घटना में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, इन्वेस्टर्स समिट खत्म होने के बाद हरकत में आई पुलिस का दावा है कि उन्होंने दो मुख्य संदिग्धों को हिरासत में लिया है और कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस भी भाजपा पर हमलावर है।

## बारामूला में आतंकी हमला, सेना के दो जवान शहीद

### दो सिविलियन पोर्टर की भी गई जान

श्रीनगर | आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुरुवार शाम को हुए आतंकी हमले में घायल सेना के दोनों जवानों ने दम तोड़ दिया. इसके साथ ही इस आतंकी हमले में दो सिविलियन पोर्टर की भी मौत हो गई है. बता दें कि गुरुवार शाम बारामूला जिले के गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट के पास बूटा पाथरी इलाके में आतंकियों ने भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स के एक वाहन पर गोलीबारी कर दी थी.

इस हमले में दो सैनिक और दो सिविलियन पोर्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. शुक्रवार सुबह भारतीय सेना के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी.



बता दें कि जम्मू-कश्मीर में ये हमला ऐसे इलाके में हुआ है जिसे सामान्य तौर पर आतंक मुक्त माना जाता है. बता दें कि गुलमर्ग और बूटा पाथरी जैसे घाटी के ऊपरी इलाकों में पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है. आतंकियों ने गुरुवार को इसी इलाके में सेना के वाहन को निशाना बनाया.

बता दें कि हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने कई बार हमला किया है. जिसमें रविवार को हुआ गैर कश्मीरी श्रमिकों पर हमला भी शामिल है. 20 अक्टूबर यानी रविवार को आतंकवादियों ने गांदरबल जिले में एक इंफ्रा कंपनी के श्रमिकों के शिविर पर हमला कर दिया था. इस हमले में 6 प्रवासी श्रमिकों समेत सात लोगों की मौत हुई थी. मरने वालों में एक कश्मीरी डॉक्टर भी शामिल था.

इसके बाद कल यानी गुरुवार सुबह एक बार फिर से आतंकियों ने एक प्रवासी श्रमिक को निशाना बनाया. गुरुवार को आतंकियों ने पुलवामा जिले के त्राल इलाके में उत्तर प्रदेश के रहने वाले शुभम कुमार नाम के एक श्रमिक को गोली मार दी थी. जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया था. उसके बाद शाम को आतंकियों ने बारामूला में सेना के वाहन पर हमला कर दिया.